कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

**Durg, Dt.: 31.10.2025**

/प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्‌बोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के एकता और राष्ट्र एकीकरणा के विचारों और भावनाओं पर प्रकाश डाला और कहा हमारे देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हो सकी। महाविद्यलाय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 अमिता सहगल, डॉ0 अनिल जैन, डॉ0 ऋतु दुबे, श्रीमती वंदना बंजारे एवं बड़ी संख्या में छात्राऐं उपस्थित रहीं।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रैली का आयोजन किया गया था, जिसमें महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक कु0 खुश्बू साहू, छात्रा चंचल यादव, सोनम, कर्मचारी श्री ललित देवांगन, श्री चन्द्रहास बेदरे, श्री विमल यादव का विशेष योगदान रहा।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
**प्राचार्य**
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

# कन्या महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती का आयोजन







